'बदला व्यापार' शुरू करने के संबंध में अभ्यावेदन

1673. **श्री नरेन्द्र मोहन:** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंजों ने सरकार के समक्ष यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया है कि शहर के दलालों को पहले की तरह "बदला व्यापार" पुनः प्रारम्भ करने की अनुमति दी जाए;

(ख) क्या सरकार को "बदला व्यापार" पुनः प्रारम्भ करने के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० पी० वीरेन्द्र कुमार): (क) और (ख) कुछ प्रमुख स्टाक एक्सचेंजों और अन्य व्यक्तियों ने इस संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत किए है।

(ग) प्रतिभूतियों में लेन-देन की संशोधित "बदला" प्रणाली की अनुमति भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अक्तूबर, 1995 में दी थी। इसे देखते हुए और चूंकि सेबी स्टाक एक्सचेंजों में प्रतिभूतियों में लेन-देन को विनियमित करने वाला सांविधिक प्राधिकरण है, इसलिए सरकार ने यह मामला सेबी के साथ उठाया है।

Clause regarding ink for printing currency notes

1674. SHRI R. MARGABANDU: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that a clause insisting upon experience and efficiency in providing ink for printing currency notes has been removed; and

(b) whether Government are aware that such removal of clauses will give way for printing fake notes which will destabilise Indian economy?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M.P. VEERENDRA KUMAR): (a) No, sir.

(b) Does not arise.

आयकर विभाग द्वारा मारे गए छापे

1675. **श्री राघव जी:** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1995-96 और 1996-97 में प्रत्येक वर्ष के दौरान आयकर विभाग द्वारा कितने स्थानों/परिसरों पर छापे मारे गए;

(ख) ऐसे छापों में प्रथमदृष्टया कुल कितनी धनराशि का कर अपवंचन पाया गया और इनमें जब्त की गई आस्तियों का मूल्य क्या है; और

(ग) प्रत्येक वर्ष में मारे गए प्रथम पांच सर्वाधिक सफल छापों का ब्यौरा क्या है और उनमें अन्तर्ग्रस्त व्यक्तियों के नाम क्या हैं तथा प्रत्येक मामले में कितने मूल्य की सम्पत्ति जब्त की गई?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०पी० वीरेन्द्र कुमार): (क) और (ख) वित्त वर्ष 1995-96 और 1996-97 (जनवरी तक) के दौरान निष्पादित किए गए तलाशी संबंधी वारंटों की संख्या तथा अभिगृहीत की गई परिसम्पत्तियों के मूल्य के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

वित्त वर्ष	निष्पादित किए गए वारंटों की संख्या	अभिग्रहण (लाख रु० में)
1995-96	4612	45814.03
*1996-97 (जनवरी तक) (अनंतिम)	3346	33100.94

(ग) तलाशी संबंधी किसी कार्रवाई की सफलता का निश्चित तौर पर निर्धारण केवल तब ही किया जा सकता है जब कर निर्धारणों और अपीलों को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जाता है।

List of bad debtors published by RBI

1676. PROF. RAM KAPSE: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the Reserve Bank of India has published a list of Government financing institutions and of nationalised banks who are bad-debtors;